जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

साप्ताहिक

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

# हमारा वतन


ہمارا وطن ہفت روزہ

देश का अपना अखबार

संस्थापित 1965

www.hamarawatan.com

FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

वर्ष- 62 | अंक-19 | जयपुर, सोमवार, 18 मई, 2026 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4


# University of Engineering & Management

IEM - UEM Group | Jaipur

## UEM

GOOD EDUCATION, GOOD JOBS

### Approvals & Accreditations

UGC (University under Section 2(f) of the UGC Act)
AICTE APPROVED
NAAC ACCREDITED
AIU MEMBER
BOARD OF APPRENTICESHIP TRAINING (NORTHERN REGION)
GU GLOBAL UNIVERSITY RANKINGS
INDIAN UNIVERSITY RATINGS QS I-GAUGE PLATINUM & DIAMOND
CAMBRIDGE English Educational Partner
THE World University Rankings 2026
IOH Institution Of Happiness Certified 2025-26
PRESTIGIOUS
ISO 27001:2022

- Outstanding Placement Record
- Innovation & Research Excellence
- Industry Oriented Curriculum
- Holistic Campus Development
- Global Academic Collaborations
- Research & International Exposure
- Industry Partnerships & Certifications
- Strong National Rankings
- Scholarships for Meritorious Students
- Top Industry Recruiters

### Academic Partners

TCS TATA CONSULTANCY SERVICES | IBM | SAS | IIDE | CAMBRIDGE

### Foreign University Collaborations

UNLV | 岩手県立大学 | Brunel University London | RICHARD A. CHAIFETZ SCHOOL OF BUSINESS SAINT LOUIS UNIVERSITY | GIIM

### More than 18000+ Certification

HARVARD BUSINESS SCHOOL | coursera | LinkedIn Learning | Infosys Springboard | CAMBRIDGE | IBM | edX




Scholarships of 7 CRORES Plus Provided

72 LAKHS Per Annum HIGHEST PACKAGE OFFERED

150 + Design Patents Granted

740 + Patents Published

800+ Research Paper Published



Research Lab



Chemistry Lab



Physiotherapy Lab



Industrial Exposure

### INDUSTRY INTEGRATED LABS & CLASSROOMS



Digital Business Lab (IIDE)



Library 24x7



Industrial Training



Sports Complex

## APPLY FOR CAREER FOCUSED 2026-27 UG / PG / DIPLOMA / Ph.D PROGRAMMES

Computer Science & Engineering with AIML | Computer Science & Engineering | Electronics & Communication Engineering | Mechanical Engineering | Electrical Engineering | Civil Engineering | Bachelor of Business Administration | Master of Business Administration | MBA - Hospital & Health Care Management | Bachelor of Computer Application | Master of Computer Application | Bachelor of Physiotherapy | Master of Physiotherapy | Post Graduate Diploma in Yoga | Doctorate of Philosophy (Ph.D)

SCHOLARSHIPS UPTO 100%*

Study Abroad Program — USA, CANADA, UK, AUSTRALIA & SINGAPORE

INDUSTRY ESTABLISHED 5 LABS

LEADING UNIVERSITY FOR 6G PROJECTS — GOVERNMENT OF INDIA

Institution of Happiness QS - I-GAUGE Global Rankings Platform

World University Rankings 2026

Admission Helpline No.: 9887313330, 9887933330, 9887153330 | 9887313330

Campus: 'Gurukul' Udaipuria Mod, Sikar Road, Jaipur - 303807 (Rajasthan) | www.uem.edu.in

# मां वैष्णो देवी मंदिर के चतुर्थ वार्षिक पाटोत्सव को लेकर गढ़ गणेश जी को दिया निमंत्रण

**जयपुर (हमारा वतन)**

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी चौमूं शहर के वार्ड नंबर 43, सामोद बाईपास पुलिया के पास स्थित श्री मां वैष्णो देवी मंदिर के चतुर्थ वार्षिक पाटोत्सव, श्री हनुमत कथा, हवन और भंडारे के कार्यक्रम को लेकर गढ़ गणेश जी को प्रथम निमंत्रण दिया गया। इससे पूर्व आचार्य पंडित रामस्वरूप शर्मा के द्वारा पूर्ण विधि विधान से पूजन और मंत्रोचार किया गया।

वैष्णो माता मंदिर के महंत कैलाश भगत ने प्रथम पूज्य गणेश जी को कार्यक्रम में पधारकर सफलता की प्रार्थना की। महंत कैलाश भगत ने बताया कि यह वार्षिक महोत्सव 17 जून से 21 जून तक आयोजित किया जाएगा।

17 जून को प्रातः 8:15 बजे से महिलाओं द्वारा विशाल कलश यात्रा निकाली जाएगी, जो प्राचीन शिव बजरंग मंदिर रावण गेट, खादी बाग रोड से रवाना



होकर, मुख्य बाजार होते हुए कथा स्थल श्री मां वैष्णो धाम पहुंचेगी।

श्री हनुमत कथा वाचक डॉक्टर पवन कुमार तिवाड़ी द्वारा प्रतिदिन दोपहर 12:15 बजे से शाम 4:15 बजे तक हनुमत कथा सुनाई जाएगी। 21 जून को प्रातः 9:15 बजे हवन का कार्यक्रम होगा, वहीं दोपहर 1:15 बजे से प्रसिद्ध गायक कलाकारों द्वारा विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा। साथ ही दोपहर से भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा।

गणेश निमंत्रण के दौरान ईश्वर दास शर्मा, वैद्य विश्वनाथ तिवाड़ी, राम कथा वाचक महेश हवेली वाला, हजारीलाल शर्मा, भुवनेश तिवाड़ी , कैलाश तिवाड़ी, चंद्र प्रकाश चूलेट, ओमप्रकाश रीडर, डॉ.जेपी सैनी, नरेंद्र शर्मा ,पवन माहेश्वरी, व्यापार मंडल अध्यक्ष पवन सैनी, डॉक्टर सीताराम कुमावत, बनवारी लाल भात्रा, चंद्र प्रकाश शर्मा, अशोक सैनी, साईं सिंह, गोपाल सिंह, कमलेश सैनी, महेंद्र सैनी, रमेश सिंगोदिया, ताराचंद सैनी, राजकुमार सैनी, सुनील शर्मा, हरि चौधरी, उमेश कटारिया, केदार छीपा,सत्य प्रकाश पारीक, पुष्पेंद्र सैनी, रोहित सैनी, शंकर तंवर, अंशु सैनी, राहुल सैनी, विनोद सैनी, अंकित सैनी, अशोक कुमावत सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# राजस्थानी फिल्म हमारी बेटियां ने जगाई आस, दर्शकों का मिला जबरदस्त रेसपोंस

**जयपुर (हमारा वतन)।** राजस्थानी सिनेमा में राजस्थानी फिल्म हमारी बेटियां ने आस जगा दी है। महिला सशक्तिकरण के विषय पर बनी मदर्स डे के अवसर पर जैम सिनेमा में रिलीज़ हुई इस फिल्म को लेकर दर्शकों में सातों दिन विशेष उत्सुकता देखी गयी ।

इस फिल्म से निर्देशन के क्षेत्र में कदम रखने वाले उग्रसेन तंवर ने बताया कि फिल्म के रिलीज़ से पूर्व ही इस फिल्म को लेकर क्षेत्रीय फिल्म उद्योग में सकारात्मक चर्चा हो रही थी । इसका असर दिखा की बड़ी संख्या में महिला शक्ति जयपुर स्थित जैम सिनेमा फिल्म देखने पहुंची । शो के बाद टीम के सम्मान में दर्शकों ने खड़े होकर तालियों की गड़गड़ाहट और सीटियों से पूरे सिनेमा हाल को गूंजा दिया।

दर्शकों ने फिल्म के कलाकारों से प्रत्यक्ष भेंट कर सेल्फियाँ ली। फिल्म प्रदर्शन से पूर्व सर्व समाज जाग्रति संघ के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. सुरेश चंद शर्मा सहित सभी अतिथियों और कलाकारों का माला, साफ़ा







और दुपट्टा पहनाकर सम्मान भी किया गया।

इस फिल्म में रेखा परिहार, ऋषभ साहू, अशोक खडोलिया, संतोष कंवर, सनाया सैनी, विनय देव गौतम, सुभाष सेठ, अभिनव शर्मा, रमेश मकवाना, विनोद शर्मा बरना, हितेश सोलंकी, दीपक सिंह, माधुरी खंडेलवाल, कलावती पटेल, गौरान्वी शर्मा, सत्यनारायण पाटोदिया, महेश योगी, गोविंदा गुर्जर, चित्रांश गौतम, मुकेश तंवर, गर्वित चौहान, श्याम सुंदर साहू, सीता साहू, मीनाक्षी सेन, शंकर लाल कटारिया, गुरु सुमेर सिंह, भगत सिंह, हरिनारायण साहू, फूलसिंह पिपलाली सहित अनेक कलाकारों ने अभिनय किया है।

स्वयं निर्देशक उग्रसेन तंवर ने भी इस फिल्म में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। फिल्म की मुख्य अभिनेत्री रेखा परिहार ने बताया कि यह फिल्म समाज में महिलाओं की स्थिति, उनकी चुनौतियों तथा आत्मनिर्भरता की दिशा में उनके संघर्ष को दर्शाती है।

फिल्म के निर्माता गणेश साहू हैं, जबकि सह-निर्मात्री रेखा परिहार हैं। संगीत निर्देशन दिलबर हुसैन द्वारा किया गया है और गीतों में भी उनका योगदान है। फिल्म में कुल पाँच मधुर गीत सम्मिलित किए गए हैं, जो दर्शकों को आकर्षित करते हैं। कोरियोग्राफी राजेंद्र राव, मुख्य सहायक निर्देशक ज्योत्सना कौशिक, तकनीकी निर्देशन अनिल सैनी, मेकअप ममता अग्रवाल तथा छायांकन सुरेश खांडल द्वारा किया गया है। यह फिल्म न केवल मनोरंजन प्रदान करती है , बल्कि सामाजिक संदेश के माध्यम से दर्शकों को प्रेरित करने का भी प्रयास करती है । ओवरऑल हमारी बेटियां फिल्म ने राजस्थानी सिनेमा में जान फूंकने का काम किया है।

# माँ सिर्फ माँ होती है

बच्चे की रूह, कद्र, बेसब्री
की दवा होती है
माँ सिर्फ माँ होती है
माँ अनन्त... माँ संत
माँ दिल.. फेफड़ा, हवा होती है
माँ सिर्फ माँ होती है
बेकद्री के दौर में.. जीवन के
हर ठौर में
माँ उन्नति का आशीष लिए
दुआ होती है
माँ सिर्फ माँ होती है
विपदा की बारिश में..
देवताओं से सिफारिश में
माँ अग्रणी सभी में सदा होती है
माँ सिर्फ माँ होती है
माँ साकार..बाकी सब निराधार
माँ असल में समूचा जहाँ होती है
माँ सिर्फ माँ होती है
माँ भूख... माँ भोजन
जिसकी दुआएं अनन्त
और तृप्ति अनन्त योजन
माँ जहाँ के हर कोने में
मकां होती है
माँ सिर्फ माँ होती है
माँ मन ज्ञानी..माँ आगम जानी
वात्सल्य की देवी साक्षात् भवानी
माँ महज शब्दों में......
कहाँ बयां होती है
माँ सिर्फ माँ होती है
लिखने चला है मन
करके बहुत मनन
शब्द कम पड़ रहे हैं..
कैसे बताऊँ
के माँ क्या - क्या - क्या होती है
अंत में यही लिखता हूँ
माँ सिर्फ माँ होती है



**सिद्धार्थ गोरखपुरी**

# इंसान जिंदा है (कविता)

दिल धड़कता है तो इंसान जिंदा है,
किसी के मरने से श्मशान जिंदा है।
नशे में खोकर की मस्ती तो क्या मस्ती है,
खुदा के नाम में जो मस्त, वो इंसान जिंदा है।
हम तो गिर गए थे कहीं होश खोकर,
थामकर नब्ज़ कहा उसने, इंसान जिंदा है।
चले जाते कब के तेरे जहाँ से हम,
तमन्ना है उसे मिलने की, इसलिए इंसान जिंदा है।
जहर घोल रखा है तेरी दुनिया में किसने ये,
पी-पीकर भी यहाँ हर इंसान जिंदा है।
कुछ लोग नेकी कर अब भी दरिया में डालते हैं,
मुर्दा शहर में अब भी कहीं तो इंसान जिंदा है।
दिल धड़कता है तो इंसान जिंदा है,
किसी के मरने से श्मशान जिंदा है।

**विनोद शर्मा वेणु**



# एकता पब्लिक स्कूल में मदर्स डे के रूप में मनाया वार्षिकोत्सव

**जयपुर (हमारा वतन)।** चौमूं शहर के रेलवे स्टेशन, भोमिया नगर स्थित एकता पब्लिक स्कूल में मदर्स डे के रूप में स्कूल का वार्षिकोत्सव मनाया गया। वार्षिक उत्सव के दौरान स्कूल के द्वारा सभी माताओं का माल्यार्पण और मोमेंटो भेंटकर स्वागत सम्मान किया गया। स्कूल के नन्हे - मुन्ने बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर तालियां बटोरी।



स्कूल डायरेक्टर ललिता गंगवाल ने स्कूल का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और प्रिंसिपल आर्यांशी ने सभी अतिथियों का माला और साफा पहनाकर स्वागत-सम्मान किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रामलाल शर्मा और डॉक्टर कन्हैयालाल रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सामाजिक कार्यकर्ता पप्पू शर्मा, एग्रो सूर्या कंपनी के सीओ पंकज शर्मा, अजंता वर्ल्ड सेक.स्कूल के डायरेक्टर डॉ. मालीराम यादव, राजस्थान हाई कोर्ट के एडवोकेट विजय गंगवाल, पूर्व पार्षद नंछूराम, नेशनल यूथ अवार्डी रामबाबू शर्मा ने शिरकत की। कार्यक्रम का प्रभावी मंच संचालन एंकर नरेंद्र सैन ने किया।

कार्यक्रम के दौरान स्टूडेंट्स के अभिभावक और आरती, पूजा, आशा, निहारिका, शिवन्या, नेहा, दीपिका, मीनू, और निधि सहित समस्त स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।

सभी खादी संस्थाओं से निवेदन है कि अपनी गतिविधियों की जानकारी प्रकाशित करवाने के लिए हमें जरूर भेजें !
Email-hamarawatan65@gmail.com, whatsapp-9214996258.
Khadi For Nation
खादी भारत
Khadi India
Khadi For Fashion

# जॉब्स

1. इंडियन रेलवे, पद असिस्टेंट लोको पायलट, पद संख्या 11127, अंतिम तिथि 16 जून 2026
2. आरएसएसबी, पद संविदात्मक शिक्षण सहयोगी, पद संख्या 3540, अंतिम तिथि 3 जून 2026
3. उत्तर प्रदेश कर्मचारी चयन बोर्ड , पद टेक्निकल असिस्टेंट ग्रुप सी, पद संख्या 2759, अंतिम तिथि 11 जून 2026
4. कॉल इंडिया लिमिटेड, पद मैनेजमेंट ट्रेनी, पद संख्या 660, अंतिम तिथि 11 जून 2026
5. साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे रायपुर, पद ट्रेड अप्रेंटिस, पद संख्या 1644, अंतिम तिथि 4 जून 2026
6. नेशनल फर्टिलाइजर लिमिटेड, पद फील्ड रिस्पेक्टिव एनडीएससी इंचार्ज, पद संख्या 40, अंतिम तिथि 12 जून 2026
7. स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया, पद ट्रेड फाइनेंस ऑफिसर, पद संख्या 100, अंतिम तिथि 2 जून 2026
8. इंडियन एयर फोर्स, पद एएफसीएटी, पद संख्या 482, अंतिम तिथि 19 जून 2026




## मंदाना करीमी ने 16 साल बाद भारत छोड़ा: बोलीं- अब यहां घर जैसा नहीं लगता; पहले कहा था इंडिया ने मुझे धोखा दिया

बिग बॉस 9 और लॉकअप फेम एक्ट्रेस मंदाना करीमी ने आखिरकार भारत छोड़ दिया है। 16 साल तक हिंदुस्तान में रहने के बाद उन्होंने एक इमोशनल वीडियो शेयर कर देश को अलविदा कहा।मंदाना ने भारत को अपना दूसरा घर बताया था, लेकिन पिछले कुछ समय से वे अपनी सुरक्षा और बेबाक बयानी की वजह से लगातार विवादों और सुर्खियों में बनी हुई थीं। एयरपोर्ट से शेयर किया इमोशनल वीडियो मंदाना ने इंस्टाग्राम पर आस्क मी एनीथिंग सेशन के दौरान फैंस को यह खबर दी। एक फैन ने उनसे पूछा था कि क्या उन्होंने मुंबई हमेशा के लिए छोड़ दिया है? इसके जवाब में मंदाना ने एयरपोर्ट से एक वीडियो पोस्ट किया।उन्होंने कहा, "मैंने कभी सोचा भी नहीं था कि मैं ऐसा कह पाऊंगी, लेकिन अलविदा भारत। यह मुश्किल होने वाला है। लगभग 16 साल यहां बिताने के बाद मैं अपने दूसरे घर को पीछे छोड़ रही हूं। अब एक नई शुरुआत की ओर बढ़ रही हूं, नया देश, नया घर, सब कुछ नया। पहले कहा था भारत ने मुझे धोखा दिया एक्ट्रेस ने भारत छोड़ने की मुख्य वजह अपनी सुरक्षा को बताया है। इससे पहले बॉलीवुड हंगामा को दिए इंटरव्यू में मंदाना ने अपना दर्द साझा करते हुए कहा, पिछले दो महीनों में मुझे मुंबई में बहुत अकेलापन महसूस हुआ। ईरान के हक में बोलने और विरोध प्रदर्शनों में हिस्सा लेने की वजह से मैंने अपने कई पुराने दोस्त खो दिए।मुझे महसूस हो रहा है कि भारत ने एक तरह से मुझे धोखा दिया है। उन्होंने यह भी साफ किया कि वे ईरान भी वापस नहीं जा सकतीं, क्योंकि वहां उन पर 10 साल पहले ही बैन लगा दिया गया था।खामेनेई की मौत पर जश्न और विवाद मंदाना करीमी पिछले दिनों तब चर्चा में आई थीं, जब उन्होंने ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत पर खुशी जताई थी। उन्होंने दावा किया था कि खामेनेई ने ईरान के लोगों पर बहुत अत्याचार किए हैं। मंदाना ने नाराजगी जताते हुए कहा कि उन्हें अपने एक्टिविज्म के लिए भारत में किसी का सपोर्ट नहीं मिला।



## सोनाक्षी सिन्हा की फिल्म 'सिस्टम' का ट्रेलर रिलीज दमदार लुक में अभिनेत्री आई नजर

अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा की बहुप्रतीक्षित कोर्टरूम थ्रिलर फिल्म सिस्टम का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया। अश्विनी अय्यर तिवारी द्वारा निर्देशित इस फिल्म में सोनाक्षी एक सरकारी वकील नेहा राजवंश की भूमिका में हैं, जो ज्योतिका और आशुतोष गोवारिकर के साथ सत्ता और न्याय के बीच छिपी सच्चाई को उजागर करती हैं। 1 मिनट 59 सेकंड के ट्रेलर को अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। इसकी शुरुआत एक जुनूनी युवा वकील नेहा (सोनाक्षी सिन्हा) से होती है। वह अपने पिता (आशुतोष गोवारिकर) की तरफ से मिली एक मुश्किल चुनौती को स्वीकार करती है ताकि वह उनकी फर्म में पार्टनरशिप की हकदार बन सके, लेकिन इस चुनौती को पूरा करना इतना आसान भी नहीं होता है, जिसके लिए वह सारिका (ज्योतिका) को अपने साथ शामिल करती है। वह एक तेज-तर्रार कोर्टरूम स्टेनोग्राफर है, जिसके मन में कुछ इरादे छिपे हैं। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, कोर्टरूम की जोरदार लड़ाइयों, उलझे हुए रिश्तों और कुछ दमदार पलों की एक तेज-तर्रार झलक देखने को मिलती है, जहां पर अमीरी के शोर में गरीबी की आवाज खो जाती है। फिल्म का निर्देशन और सह-लेखन अश्विनी अय्यर तिवारी ने किया। उनका मानना है कि सिस्टम जैसी तमाम कहानियां हमारे आस-पास ही होती है, लेकिन लोगों के सामने नहीं आ पाती हैं। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि हमारे आस-पास अनगिनत कहानियां मौजूद हैं, लेकिन उन्हें स्क्रीन पर पूरी सच्चाई और क्रिएटिविटी के साथ उतारना मुश्किल काम है। मुझे खुद को चुनौती देना पसंद है, और शायद इसीलिए मैंने सिस्टम बनाई है। मैं बहुत खुश हूं कि प्राइम वीडियो ने हमारे विजन पर भरोसा किया।



## रुबीना दिलैक ने बयां किया सी सेक्शन का दर्द, कहा- 7 लेयर कटीं, 1 लीटर खून बहा और 45 मिनट में...

रुबीना दिलैक की सी सेक्शन से डिलीवरी हुई थी। रुबीना की 2 बेटियां हैं और अब एक्ट्रेस ने बताया कि सी सेक्शन जिसे लोग आसान बोलते हैं, उसके पीछे कितना दर्द होता है। रुबीना दिलैक उन सेलेब्स में से एक हैं जो कभी भी किसी मुद्दे पर बात करने से झिझकती नहीं हैं। अब रुबीना ने सी सेक्शन डिलीवरी पर बात की। रुबीना ने बताया कि कैसे जिस महिला का सी सेक्शन होता है तो उसके पेट की 6 लेयर कट होती हैं। उन्होंने यह भी बताया कि जब भी वह इस मुद्दे पर बात की हैं तो लोग बोलते हैं कि फालतू में इसे बड़ा मुद्दा बना रही हैं।

**सी सेक्शन में 7 लेयर कट और 1.5 लीटर खून निकलता है**-रुबीना ने मिस मालिनी को दिए इंटरव्यू में कहा, सी सेक्शन को लोग ऐसे ही समझते हैं। लेकिन जानते हैं कि सी सेक्शन में 7 लेयर कट होकर बेबी को निकाला जाता है। आपको पता है 10 मिनट में बेबी को बाहर निकाल दिया जाता है और 45 मिनट लगते हैं स्टिच करने में। सी सेक्शन से 1 से 1.5 लीटर खून बहता है।

**सी सेक्शन भी होती है सर्जरी**-रुबीना ने आगे कहा, अब क्योंकि मैं खतरों के खिलाड़ी में जाने वाली हूं तो वहां सारे मेडिकल टेस्ट होते हैं तो डॉक्टर ने मुझसे पूछा कि हाल ही में आपकी कोई सर्जरी हुई है तो मैं थोड़ा झिझक रही थी। मैंने कहा कि क्या आप सी सेक्शन को सर्जरी में मानते हैं तो उन्होंने मुझे हैरानी से देखा और कहा बिल्कुल, तो मैंने कहा 2.5 साल बाद तो उन्होंने कहा अच्छा।

**लोग बोलते हैं सी सेक्शन नहीं बड़ी बात**-रुबीना ने कहा, 'लोग बोलते थे सी सेक्शन कौनसी बड़ी बात है। लेकिन मैं जानती हूं कि मेरी बॉडी ने क्या झेला है। जब मैंने एक्सप्रेस किया तो लोग बोलते हैं कौनसी बड़ी बात है।






# मोरीजा में 'ग्राम रथ अभियान' के तहत दिया कुमारी ने सुनी जनसमस्याएं

**चौमूं (हमारा वतन)।** राजस्थान सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने और आमजन की समस्याओं के मौके पर निस्तारण के लिए जारी 'ग्राम रथ अभियान' (विकास रथ) के अंतर्गत ग्राम पंचायत मोरीजा में विशाल 'संध्या चौपाल' का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में प्रदेश की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि अध्यक्षता भाजपा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने की।

पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने उप मुख्यमंत्री का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। जनता के बीच पहुंची सरकार राजकीय संस्कृत विद्यालय, मोरीजा में आयोजित इस चौपाल में उपमुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। स्थानीय निवासियों ने बिजली, पानी, सड़क और अन्य विभागीय समस्याओं से उपमुख्यमंत्री को अवगत कराया, जिस पर उन्होंने मंच पर ही मौजूद उपखंड के तमाम अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही और समाधान के कड़े निर्देश दिए।

उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार 'सरकार आपके द्वार' की भावना से काम कर रही है। हमारा लक्ष्य है कि योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति तक पहुंचे। भाजपा के मुख्य प्रवक्ता रामलाल शर्मा क्षेत्र के विकास के लिए सजग हैं और उन्हीं के प्रयासों से पिछले दो बजटों में चौमूं विधानसभा क्षेत्र के लिए 500 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्य स्वीकृत किए जा चुके हैं। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने क्षेत्र को मिली सौगातों के लिए सरकार का आभार व्यक्त किया।

## कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने छोड़ी पुलिस एस्कॉर्ट सुविधा

**जयपुर (हमारा वतन)।** राजस्थान सरकार में पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सादगी और जनसरोकारों के संदेश से प्रेरित होकर अपने दौरों के दौरान पुलिस एस्कॉर्ट नहीं लेने का फैसला किया है। मंत्री कुमावत ने कहा कि जनप्रतिनिधियों को आमजन से जुड़कर काम करना चाहिए और अनावश्यक वीआईपी संस्कृति से दूरी बनानी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि उनके टूर कार्यक्रमों में पुलिस एस्कॉर्ट की व्यवस्था नहीं की जाए, ताकि आम लोगों को यातायात और अन्य असुविधाओं का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार जनप्रतिनिधियों से सादगी अपनाने और जनता के बीच सहज रूप से रहने का आह्वान करते रहे हैं। उसी भावना के तहत यह निर्णय लिया गया है। इस निर्णय को वीआईपी संस्कृति कम करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है।





## मदर्स डे पर स्वर साधना म्यूजिकल ग्रुप ने आयोजित किया संगीत कार्यक्रम

**जयपुर (हमारा वतन)**

स्वर साधना म्यूजिकल ग्रुप द्वारा मदर्स डे पर संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्रुप की फाउंडर शीला जांगिड़ ने बताया कि होटल ग्रैंड सफारी में सदाबहार गीतों के साथ कार्यक्रम का आगाज किया गया।

कार्यक्रम के चीफ गेस्ट दिल की आवाज़ लाइव पेज के एमडी कमल माहुर-शिमला बंशिवाल रहे। चीफ गेस्ट द्वारा सभी सिंगर्स को एक पेड़ माँ के नाम पौधे दिये गए। 35 कलाकारों ने एक से बढ़कर एक गानों की प्रस्तुति दी।

ग्रुप के एडमिन आकाश ने बताया कि सर्व समाज जागृति संघ के संस्थापक अध्यक्ष डॉक्टर सुरेश चंद शर्मा समाज सेवा के कार्यों में व्यस्त होने के कारण कार्यक्रम में शरीक नहीं हो पाए, लेकिन उन्होंने ग्रुप की डायरेक्टर शीला जांगिड़ को कार्यक्रम की सफलता और भविष्य में यूं ही आगे बढ़ते रहने की शुभकामनाएं प्रेषित की।

इस दौरान प्रमोद वर्मा,रजनीश उपाध्याय,विकास चंदेलिया,श्वेता मिश्रा,आनंद शर्मा,प्रतिभा शर्मा,डॉ. सीमा जोशी,नवल किशोर मिश्रा,अलोक रूप राय,लोकेश पुरोहित,लोकेश सहल,नेहा सैनी,मेघराज सिंह पवार, जी एस भाटी, कविता सिन्हा, पारुल माथुर, प्रदीप नाथानी, रेनूराज कुमावत, निकेश खंडेलवाल,डी डी शर्मा, लीला शर्मा, ओम शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, प्रतिभा शर्मा, सुरेंद्र शारदा, रघुनाथ सिंह ने प्रस्तुतियां दी।



## अजय चौहान का पदोन्नति पर किया अभिनंदन

**जालोर (हमारा वतन)।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग जालोर के कर्मचारी अजय चौहान वरिष्ठ सहायक से सहायक प्रशासनिक अधिकारी के पद पर पदोन्नति होने पर सभी विभाग के कर्मचारियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। कोष कार्यालय विभाग से जूनियर अकाउंटेंट महेंद्र कुमार व संयुक्त निदेशक राज्य बीमा प्रावधायी निधि विभाग जालोर के कर्मचारियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी। जिसमें रघुनाथ राम परिहार अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी, खुशवंत चौहान, भजनलाल विश्नोई, कपिल मीणा , सुजाराम , दुदाराम,जितेंद्र शर्मा आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

टिकिट

**हमारा वतन**
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email- hamarawatan65@gmail.com 9214996258 7014468512

## अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

- सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

# सम्पादकीय.....

## परीक्षा लेने वाले कब तक फेल होंगे

मेडिकल कॉलेजों में दाखिले के लिए 3 मई को नीट (यूजी) परीक्षा हुई थी, जिसमें देश के लगभग 22.79 लाख परीक्षार्थियों ने भाग लिया था। पेपर लीक होने के कारण नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा अब इस परीक्षा को रद्द कर दिया गया है। पेपर लीक की जांच सीबीआई को सौंप दी गई है और जल्द ही नई परीक्षा कराने का वादा भी किया है। इस प्रकरण ने मेडिकल, इंजीनियरिंग व सीयूईटी की राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षाओं के संचालन पर एक बार फिर प्रश्नचिह्न लगा दिया है। क्या हम कभी अपनी परीक्षा प्रणाली को एक अभेद्य किले की तरह मजबूत बना पाएंगे कि कभी पेपर लीक न हो और छात्रों को परेशानी का सामना न करना पड़े? यह स्वाभाविक है कि जब मेडिकल (नीट) और इंजीनियरिंग (जेईई) की परीक्षाओं में पेपर लीक होने की कोई घटना घटती है या फिर उनको लेकर कोई अफवाह भी फैलती है, तो युवा वर्ग में तीखी प्रतिक्रिया होती है। ऐसी घटनाएं हमारी प्रवेश परीक्षा प्रणाली में अनास्था और अविश्वास पैदा करती हैं। उन 22.79 लाख परीक्षार्थियों की मनःस्थिति के बारे में सोचिए, जो 3 मई को देश के 551 और विदेश के 14 शहरों के 5,400 केंद्रों पर पहुंचे थे।जैसे कि ब्योरे हैं, राजस्थान पुलिस को इस बात की शिकायत मिली थी कि नीट परीक्षा से 42 घंटे पहले वाट्सएप पर एक गेस पेपर को वितरित होते देखा गया, जिसमें बहुवैकल्पिक 410 प्रश्न और उत्तर दिए हुए थे। इस गेस पेपर के 100 प्रश्न नीट परीक्षा में पूछे गए सवालों से हूबहू मिलते पाए गए हैं। पुलिस की जांच से मालूम पड़ा कि इन 100 प्रश्नों को हल करने से कुल 720 में से 600 अंकों का जुगाड़ हो जाता है।राजस्थान का कोटा शहर जेईई कोचिंग के अत्यधिक व्यवसायीकरण और किशोर छात्रों की आत्महत्याओं के कारण चर्चाओं में आता रहा है, लेकिन नीट के प्रश्नपत्र को लीक करने वाले गेस पेपर की कहानी राजस्थान के चुरु और सीकर जैसे शहरों से शुरू हुई, जहां गेस पेपर को पांच लाख से तीस हजार रुपये तक में बिकते हुए देखा गया। गौरतलब है, वर्ष 2024 में भी नीट की परीक्षा के दौरान पेपर लीक होने का प्रकरण सामने आया था, जिसके विरुद्ध राष्ट्रव्यापी असंतोष देखने को मिली। इस मामले की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में भी हुई थी।साल 2017 से पहले तक राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षाओं का संचालन सीबीएसई, एआईसीटीई और यूजीसी द्वारा किया जाता था। साल 1986 की राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत जो प्रोग्राम और कार्यक्रम 1992 में प्रभाव में आया, उसमें विविध प्रकार की राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षाओं के संचालन के लिए एक राष्ट्रीय एजेंसी बनाने की सिफारिश की गई थी। इसी के अनुरूप साल 2017 में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की स्थापना शिक्षा मंत्रालय के अधीन की गई। 2024 में नीट परीक्षा के पेपर लीक प्रकरण के बाद एनटीए के नेतृत्व में बदलाव के साथ-साथ हरेक स्तर पर टेक्नोलॉजी के प्रयोग द्वारा पेपर लीक को रोकने के इंतजाम किए गए थे।राजस्थान पुलिस द्वारा नीट परीक्षा में पेपर लीक की शिकायत दर्ज किए जाने के बाद एनटीए ने एक वक्तव्य जारी करके मीडिया को उन तमाम इंतजामों की विस्तार से जानकारी दी थी कि तय प्रोटोकॉल के अनुसार इस बार पेपर लीक न हो पाने के पुख्ता प्रबंध किए गए थे और हरेक स्तर पर जीपीएस ट्रैकिंग, सीसीटीवी सर्विलांस और 5जी जैमर्स के प्रयोग किए गए थे। फिर भी नीट का पेपर लीक हो गया। साल 2024 में नीट पेपर की खुली बिक्री बिहार में पाई गई थी और अब राजस्थान में यही बात पाई गई है।ऐसे में, सवाल उठना लाजिमी है। आखिर क्या कारण है कि राष्ट्रीय स्तर पर गठित एनटीए जैसी एजेंसी के तमाम प्रयासों के बावजूद भी नीट का पेपर लीक हो गया? क्या एनटीए के पुख्ता प्रोटोकॉल को भी पेपर लीक करने वाली ताकतों ने नाकामयाब नहीं कर दिया?


राम गोपाल सैनी

# UEM जयपुर के शोधकर्ताओं ने बनाया शैवाल-आधारित एक नया ताज़ी हवा देने वाला सिस्टम

**जयपुर (हमारा वतन)**

यूनिवर्सिटी ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट जयपुर ने पर्यावरण स्थिरता और हरित नवाचार के क्षेत्र में एक शानदार उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने सफलतापूर्वक एक शैवाल-आधारित ताज़ी हवा बनाने वाला सिस्टम विकसित किया है।

इस अग्रणी पहल के माध्यम से, विश्वविद्यालय ने सफलतापूर्वक वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) को 52 तक बेहतर बनाया है, जो कैंपस परिसर के भीतर आसपास की हवा की स्थिति में एक महत्वपूर्ण सुधार को दर्शाता है।

इस अभिनव पर्यावरणीय पहल का नेतृत्व डॉ. मनदीप सिंह ने किया है, जिन्हें लोकप्रिय रूप से शैवाल-मानव (Algae-man) के नाम से जाना जाता है। सतत विकास के प्रति उनके दूरदर्शी शोध और प्रतिबद्धता ने इस परियोजना के सफल कार्यान्वयन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह पहल सस्टेनेबल इनोवेशंस फॉर क्लीन फ्यूचर (SICF) के बैनर तले की गई थी, जिसमें EM जयपुर के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के संकाय सदस्यों, शोधकर्ताओं और छात्रों का सक्रिय समर्थन और योगदान रहा।



यह परियोजना आसपास की हवा को शुद्ध करने और हानिकारक प्रदूषकों को कम करने के लिए शैवाल की प्राकृतिक कार्बन अवशोषण और ऑक्सीजन उत्पादन क्षमताओं का उपयोग करती है।

इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर प्रो. (डॉ.) बिस्वजॉय चटर्जी, कुलपति, UEM जयपुर और प्रो. (डॉ.) प्रदीप कुमार शर्मा, रजिस्ट्रार ने बधाई दी है।

# जनगणना में मकानों की सही जानकारी उपलब्ध कराना हमारा कर्तव्य- डॉ. सोनी

**ऋषिकेश (हमारा वतन)**

जनगणना में मकानों की गणना करना तय समय सीमा के अंतर्गत होना आवश्यक है। नगर निगम ऋषिकेश के सहायक नगर आयुक्त व चार्ज जनगणना अधिकारी अमन कुमार स्वयं क्षेत्र में भ्रमण कर भवनों की गणना में लगे प्रवेक्षको व प्रगणकों के हर संभव मदद कर रहे हैं,उन्होंने कहा कि नजरी नक्शा ऐसे बनाए जहां से शुरू करे और अंतिम भवन तक आसानी से पहुंच सके। हमारा अहम कार्य कोई भी घर छूटना नहीं चाहिए और जब हम ऐप में प्रविष्टियों को भरेंगे उन्हें सही जानकारी के साथ दर्ज करे ताकि किसी भी प्रकार की कोई गड़बड़ी न हो। यशवीर सिंह सहायक चार्ज जनगणना अधिकारी ने सभी प्रगणकों को हर संभव सहायता करने का भरोसा दिलाया और किसी भी प्रकार की दिक्कत के लिए क्षेत्र में जाकर समस्या का निराकरण किया जाएगा।



सुपरवाइजर वृक्षमित्र डॉ. त्रिलोक चंद्र सोनी ने अपने मनसा देवी क्षेत्र 29 में जाकर अपने प्रगणकों के साथ काम में मदद किया। ऐप में कैसे भवनों की सही गणना करनी है, प्रयोग के तौर पर कार्य किया। डॉ. त्रिलोक सोनी ने लोगो से अपील करते हुए कहा आप जनगणना भवन गणना में प्रगणकों का सहयोग करें। कई लोग फोन नंबर देने से कतरा रहे हैं। हमारी नियुक्ति जनगणना विभाग से हुई है । आपकी एक-एक जानकारी को सुरक्षित रखना हमारा कर्तव्य है। इस प्रकार का कोई संकोच न करे की हमारी जानकारी सार्वजनिक होगी।

चार्ज जनगना अधिकारी अमन कुमार, सहायक चार्ज जनगणना अधिकारी यशवीर सिंह तथा प्रवेक्षक डॉ. त्रिलोक चंद्र सोनी ने मनसादेवी, गुज्जर बस्ती एवं नगर निगम के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण किया। क्षेत्र में प्रगणक चंद्रपाल कश्यप, अरविंद सकलानी, अंजली राणा, वंदना, अनिता आदि मौजूद रहे।






# केमिस्ट एसोसिएशन का बड़ा निर्णय-20 मई को मेडिकल दुकानें बंद

**जयपुर (हमारा वतन)।** केमिस्ट एसोसिएशन चौमूं के अध्यक्ष राजेश बारी की अध्यक्षता में एसोसिएशन कार्यकारिणी की मीटिंग का आयोजन किया गया। AIOCD द्वारा आनलाईन दवा बिक्री, कारपोरेट द्वारा भारी डिस्काउंट आदि के विरोध में प्रस्तावित ऑल इंडिया केमिस्ट बंद के आह्वान पर चौमूं परिक्षेत्र में आगामी 20 मई बुधवार को सभी केमिस्ट बंद रखने का निर्णय लिया गया। संगठन द्वारा सभी सदस्यों से बंद को सफल बनाने के सहयोग की अपील की गई।

इस अवसर पर जयपुर जिला ग्रामीण कोषाध्यक्ष विनोद शर्मा, उपाध्यक्ष संदीप शर्मा, उपाध्यक्ष कैलाश गौरा, उपाध्यक्ष देवकी नंदन अग्रवाल, सहसचिव राजेश बालानी, मीडिया प्रभारी सुरेश तंवर, विक्रम बजाज, महेन्द्र रेवाड़, अनिल जैन सहित कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे।

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
उप सम्पादक: सुरेन्द्र कुमार सैनी
E mail-hamarawatan65@gmail.com
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमूं शहर होगा।